हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 117 25 अप्रैल 2024 गुरुवार हाथरस पृष्ठ 8 मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

### सरगुजा में बोले पीएमः कांग्रेस आतंकियों के मरने पर आंसू बहाती है

# कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोया

**● कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भीः पीएम मोदी**




**कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं: पीएम मोदी**

● पीएम ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ आपके आरक्षण को ही लूटना नहीं चाहती है, इनके और भी कारनामें हैं। कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। इनके इरादे संविधान के अनुरूप नहीं हैं, सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं हैं। अगर आपके आरक्षण की कोई रक्षा कर सकता है, तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा कर सकती है।

**कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी**

● पीएम ने कहा कि वर्षों पहले, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया था। फिर कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई। कांग्रेस ने कहा कि ैब्ै़ और ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से चुरा कर धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के अनुसार आरक्षण नहीं होगा।

सरगुजा,(एजेंसी)। नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत कर लगाएगी और माता–पिता से मिली विरासत पर भी कर लगाएगी। आपने अपनी मेहनत से जो धन इकट्ठा किया है, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगा, बल्कि कांग्रेस के पंजे उसे आपसे छीन लेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला किया जब उसके वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने स्पष्ट रूप से धन पुनर्वितरण के लिए देश में विरासत कर कानून की वकालत की। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल उच्च कर लगाने का इरादा रखती है और नहीं चाहती कि लोग अपनी मेहनत से कमाई गई संपत्ति अपने बच्चों को सौंपें। उन्होंने कहा कि श्राजकुमारश और श्शाही परिवारश के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मध्यम वर्ग पर अधिक टैक्स लगाया जाना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत कर लगाएगी और माता–पिता से मिली विरासत पर भी कर लगाएगी। आपने अपनी मेहनत से जो धन इकट्ठा किया है, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगा, बल्कि कांग्रेस के पंजे उसे आपसे छीन लेंगे। उन्होंने हमला करते हुए साफ तौर पर कहा कि अब कांग्रेस का कहना है कि वो इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी, माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है– कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान बदलकर ैब्, ैज्, व्ठब् का हक अपने वट बैंक को देना चाहती है...कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। इनके इरादे संविधान के अनुरूप नहीं हैं, सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं हैं...अगर आपके आरक्षण की कोई रक्षा कर सकता है, तोघ सिर्फ और सिर्फ भाजपा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का घोषणापत्र आया, उसी दिन मैंने कह दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा...लेकिन वोट बैंक की भूघ्खी कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान घ्की पवित्रता की परवाह नहीं की और ना ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की। सरगुजा में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी इसलिए वो भारत में कांग्रेस और प्छक्प् गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था। आपने मेरी बात का मान रखा और इस भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज सरगुजा की संतान, आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहा है।

## खुद को देशभक्त कहने वाले एक्स–रे से डरते हैंः राहुल गांधी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी षसंपत्ति सर्वेक्षणष टिप्पणी पर यू–टर्न लिया और कहा कि वह केवल यह जानना चाहते थे कि देश कितना अन्याय झेल रहा है। दिल्ली के जवाहर भवन में पार्टी के श्सामाजिक न्याय सम्मेलनश को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, षमैंने अभी तक यह नहीं कहा है कि हम कार्रवाई करेंगे। मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि आइए पता करें कि कितना अन्याय हुआ है।ष उन्होंने कहा कि देखिए, जैसे ही मैंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने कैसी प्रतिक्रिया दी, आइए देखें कि कितना अन्याय हुआ है। वे कह रहे हैं कि ये देश को तोड़ने की कोशिश है। एक्स–रे (धन सर्वेक्षण) से समस्या पता चलेगी। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, श्श्जो लोग खुद को श्देशभक्तश कहते हैं, वे जाति जनगणना के श्एक्स–रेश से डरे हुए हैं और कहा कि कोई भी ताकत इसे नहीं रोक सकती। गांधी ने यह भी कहा कि 90 प्रतिशत आबादी के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनके जीवन का मिशन है, जिनके खिलाफ अन्याय हुआ है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, श्श्90 फीसदी भारतीयों के साथ अन्याय हो रहा है। जैसे ही मैंने इस अन्याय को रोकने का आह्वान किया, प्रधानमंत्री और भाजपा ने मुझ पर हमला करना शुरू कर दिया।श्श गांधी ने कहा, श्श्जैसे ही हमारी सरकार बनेगी, सबसे पहला काम जाति जनगणना किया जाएगा।श्श 7 अप्रैल को, राहुल गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है, तो देश में लोगों के बीच धन के वितरण का पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करेगी। कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करने के बाद हैदराबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के अलावा सर्वेक्षण कराया जाएगा, जिसका पार्टी ने वादा किया है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने राम मंदिर उद्घाटन के बारे में भी बात की और आरोप लगाया, षमंदिर में या नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान एक भी दलित या आदिवासी को नहीं देखा गया। नब्बे प्रतिशत आबादी इसे समझती है।ष

## 'हम एकता और विकास करने के लिए प्रतिबद्ध'

**● कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने आतंकवादियों को दी पनाहः अमित शाह**



केरल ,(एजेंसी)। शाह ने कहा कि केरल के सभी मछुआरे और किसान मोदी जी से प्यार करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। मोदी जी को वोट देने का मतलब है विकास के लिए वोट करना, समृद्धि के लिए वोट करना और केरल के हर कोने में संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए वोट करना। केरल की सभी सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह केरल पहुंचे है। उन्होंने अलपुझा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अमित साह ने कहा कि मुझे यहां आप सभी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। आपका उत्साह बताता है कि आपने हमें जिताने की ठान ली है! उन्होंने कहा कि हमारे उम्मीदवार को आपका प्रत्येक वोट मोदी जी को फिर से भारत का प्रधान मंत्री बनाना सुनिश्चित करेगा। हाल के सभी सर्वेक्षणों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पूरा केरल भाजपा के साथ, नरेंद्र मोदी जी के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है। शाह ने कहा कि केरल के सभी मछुआरे और किसान मोदी जी से प्यार करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। मोदी जी को वोट देने का मतलब है विकास के लिए वोट करना, समृद्धि के लिए वोट करना और केरल के हर कोने में संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए वोट करना। उनन्होंने दावा किया कि कम्युनिस्ट दुनिया और देश में अस्तित्व खो रहे हैं। देश में अस्तित्व खोती जा रही है कांग्रेस...आने वाला समय सिर्फ भारतीय जनता पार्टी का है! उन्होंने कहा कि हम भारत में एकता और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपको विभाजनकारी ताकतों, भ्रष्ट कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्टों से अवगत होना चाहिए... भाजपा को चुनें, शांति और स्थिरता को चुनें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है। ये 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। यह भारत को कृषि, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में नंबर–1 बनाने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने आतंकवादियों को पनाह दी है। अल्पसंख्यक वोट–बैंक हासिल करने के उनके स्वार्थी एजेंडे ने उन्हें पीएफआई का समर्थन करने के लिए मजबूर किया है।

# राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ द्वितीय रेण्डमाइजेशन




(भव्य प्रभात)
हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र हाथरस–16 के मतदेय स्थलों के लिए प्रयोग में लाये जाने हेतु 25 प्रतिशत आरक्षित ईवीएम सहित, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग यूनिट, कन्ट्रौल यूनिट तथा वीवीपैट के द्वितीय रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया आज कलक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदया श्रीमती पी0श्री0 वेंकटाप्रिया, जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा तथा राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों,प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।
रैंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशीध्प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# आरबीएस इंटर कॉलेज का शत प्रतिशत रहा है परीक्षा फल

(भव्य प्रभात)
हाथरस। राया रोड स्थित आरबीएस इंटर कॉलेज में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 90 से अधिक अंक वाले छात्र–छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य बीएस उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा है। जबकि इंटरमीडिएट में 94रू छात्र छात्रा कामयाब हुए हैं। छात्र–छात्राओं ने मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस मौके पर महेंद्र सिंह नंबरदार, भीकम सिंह चौधरी, हरेंद्र सिंह, रा. जवीर सिंह, व्यवस्थापक शुभम उपाध्याय, एके चौधरी, गजेंद्र सिंह, भीमसेन शास्त्री, मुनेश पचोरी, राक. श ओझा, शिवकुमार शर्मा, प्रमोद गौतम, यतेंद्र चौहान, गीता पाराशर, फरजाना, रेनू, गुड़िया सविता आदि मौजूद रहे।

# मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

(भव्य प्रभात)
हाथरस। श्री जितेन्द्र गोस्वामी पुत्र श्री राजेन्द्र गोस्वामी निवासी ग्राम परसारा थाना चन्दपा जनपद हाथरस द्वारा थाना चन्दपा पर सूचना दी कि दिनांक 22.04.2024 को समय करीब 11.30 बजे दिन में आरोपी अरमान मैक्स गाडियों से जा रहा था, तभी रास्ते में राशन वितरण को लेकर अरमान ने उससे गाली गलौच की । विरोध करने पर अरमान ने अपने भाई सलमान व फरमान को बुला लिया और उक्त तीनों आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई । घटना के सम्बन्ध में वादी से प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना चन्दपा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके क्रम में थाना चन्दपा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग में नामजद आरोपी सलमान को दिनांक 23.04.2024 को गिरफ्तार किया जा चुका है ।
उक्त मुकदमें में आरोपी फरमान पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम नगला खिरनी थाना चन्दपा जनपद हाथरस वांछित चल रहा था जिसे आज दिनांक 24.04.2024 को हिरासत में ले लिया गया है । जिसके सम्बन्ध में थाना चन्दपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 103/2024 धारा 323/504/506 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# २८ अप्रैल को नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण शिविर

हाथरस। महेश्वरी सभा के तत्वाधान में आगामी 28 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण शिविर नयागंज स्थित महेश्वरी धर्मशाला में लगाया जायेगा। अध्यक्ष अरून कुमार बजाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मिती से यह निर्णय लिया गया । अरून कुमार बजाज ने बैठक में बताया कि नोयडा के कैल्विल हा. स्पीटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम हाथरस आ रही है। निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण शिविर में ह्रदय रोग, सुगर हडडी रोग पेट रोग, महिला रोग सहित अन्य बीमारियो का महिला पुरूष चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिये लोगों से अपना रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया है। महेश्वरी सभा द्वारा जनकल्याण के लिये ऐसे कार्यक्रम पहले भी कराये गये है। बैठक में प्रमुख से उपाध्यक्ष डॉ दिनेश महेश्वरी, सचिव दिनेश कुमार धूत, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल सारडा, केअलावा गोपाल बाबू नरेन्द्र लखोटिया, नवीन भुराडिया राजीव बजाज, सुरेश चन्द्र डांगा आदि मौजूद थे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश बोर्ड का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया

(भव्य प्रभात)
हाथरस । आगरा रोड स्थित क्लीनिक पर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश बोर्ड का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। जिला प्रभारी डॉ. नेम सिंह बघेल ने स्थापना दिवस के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश चंद्र उपाध्याय ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर सभी चिकित्सकों को हानि रहित चिकित्सा पद्धति के बारे में बताया। होम्योपैथी चिकित्सा के प्रभावशाली उपचार और उपचार क्षेत्र के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों के बीच होम्योपैथी के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। डॉ. रविंद्र कुमार ने स्थापना दिवस पर चिकित्सकों के संगठन पर प्रकाश डालते हुए सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. नेम सिंह बघेल, डॉ. रमेश चंद्र उपाध्याय, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. एमएल बघेल, डॉ. अलीमुद्दीन खान, डॉ. एम श्री बघेल, डॉ. अनीता रानी शर्मा, डॉ. सुल्तान खान, डॉ. करिश्मा धनगर, डॉ. विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 01 अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सुनाई सजा

हाथरस। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप माननीय न्यायालय हाथरस द्वारा थाना हसायन के 13 जी एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त को सजा सुनाई । बता दें कि थाना हसायन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 337/2016 धारा 13 जी एक्ट बनाम अशफाक पुत्र अलाउद्दीन निवासी मौहल्ला जाटवान थाना हसायन जनपद हाथरस के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था । अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया । अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु शासन के दिशा निर्देशो के क्रम में तथा श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में उपर्युक्त अभियोग को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल जनपद हाथरस के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई । जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 24.04.2024 को माननीय न्यायालय अपर सिविल जज(क0प्र0)–05, हाथरस द्वारा अभियुक्त अशफाक उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त की धारा 13 जी एक्ट के अन्तर्गत न्यायालय उठने तक की सजा व 200/– रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी है ।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# प्रेक्षकों से मतदान के दिन संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों की वेबकास्टिंग कराने के साथ ही निगरानी करने के निर्देश

**भारत निर्वाचन अयोग द्वारा नामित मा० विशेष प्रेक्षक सामान्य श्री अजय वी० नायक, मा० विशेष व्यय प्रेक्षक श्री राजेश टुटेजा, मा० विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री मनमोहन सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक**




(भव्य प्रभात)
हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल एवं निष्पक्षपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन अयोग द्वारा नामित मा० विशेष प्रेक्षक सामान्य श्री अजय वी० नायक, मा० विशेष व्यय प्रेक्षक श्री राजेश टुटेजा, मा० विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री मनमोहन सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों,नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मा० विशेष प्रेक्षक सामान्य श्री अजय वी० नायक ने जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में प्रतिभाग कर रहे प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों की जहां पर आवश्यकता हो यथा रैंडमाईजेशन, ई0वी0एम0 मोबलाईजेशन आदि में उनकी उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाये तथा इसके संबंध में प्रत्याशियों को सूचना पत्राचार के माध्यम सुनिश्चित करायें। उन्होंने प्रेक्षकों से मतदान के दिन संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों की वेबकास्टिंग कराने के साथ ही निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बूथों पर मतदाताओं हेतु प्रवेश/निकासी की उचित व्यवस्था के साथ ही धूप से बचाव हेतु पर्याप्त इंतजाम करने के साथ ही सुनिश्चित करें कि मतदान के दौरान बूथ पर अनावश्यक भीड़ इकठ्ठी न हो।

मा० विशेष व्यय प्रेक्षक श्री राजेश टुटेजा ने जनपद में तैनात व्यय प्रेक्षक से प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय की जा रही धनराशि के विवरण का मिलान समय–समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में तैनात एफ0एस0टी0/एस0एस0टी0 टीमों के माध्यम से जनपद की सीमाओं/चौकपोस्ट पर वाहनों की शत प्रतिशत जाँच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्याशियों द्वारा आयोजित की जाने वाली रैलियों/जनसभाओं/रोड–शो में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री यथा झण्डा, बैनर, पोस्टर, पैम्पलेट्स के अलावा फर्नीचर, टेंट, फूड्स पैकेट्स, रैलियों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की सम्पूर्ण वीडियोग्राफी कराते हुए व्यय विवरण पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में तृतीय चरण में मतदान सम्पन्न होना है। इसमें कुल पाँच विधानसभाएं हैं, जिसमें जनपद की तीन विधानसभाएं तथा जनपद अलीगढ़ की दो विधानसभाएं छर्रा और इगलास सम्मिलित हैं। ई0वी0एम0 तथा कार्मिकों के द्वितीय रैंडमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। द्वितीय रैंडमाईजेशन के उपरांत तैनात कार्मिकों का प्रशिक्षण दिनांक 28, 29, 30 अप्रैल 2024 को सैण्ट फ्रान्सिस इण्टर कालेज (सीनियर विंग), अलीगढ़ रोड, हाथरस में दिया जायेगा। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के घरों पर जाकर मतदान कराये जाने हेतु टीमों की तैनाती कर दी गई है, जिनके द्वारा निर्धारित अवधि में मतदान सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि एम0जी0 पॉलीटेक्निक में बनाये गये स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष एवं पोलिंग पार्टीयों की रवानगी आदि की व्यवस्थाओं का जायजा मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदया द्वारा लिया जा चुका है। निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली सामग्री के प्रकाशन की अनुमति एम0सी0एम0सी0 कमेटी के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद में संचालित कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि एवं गुणवत्तापूर्णढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही सी–विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मॉडल बूथ बनाये जाने हेतु बूथों का चिन्हीकरण कर कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान केन्द्रों पर लगाये जाने वाले केन्द्रीय पुलिस बलध्बाहरी राज्यों से भेजे गये पुलिस बल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि जनपद में एफ0एस0टी0 की 27 तथा एस0एस0टी0 की 24 टीमें 24–7 कार्य रही हैं। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही प्रबुद्ध व्यक्तियों से वार्ता की गई है तथा आमजनमानस को शांतिपूर्णढंग से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया है। जनपद में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने एवं कानून व्यवस्था को सुदृण बनाये रखने हेतु आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक के दौरान मा0 सामान्य प्रेक्षक श्रीमती पी0श्री वेंकटाप्रिया, मा0 व्यय प्रेक्षक श्री प्रवनी रेड्डी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक, समस्त ए0आर0ओ0, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन, कंट्रोल रूम प्रभारी, समस्त नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हदय गति रूकने से सासंद राजवीर सिंह दिलेर का निधन ,समर्थक व शुभचितकों में शोक



(भव्य प्रभात)
हाथरस। हाथरस लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सासंद राजवीर सिंह दिलेर का हदय गति रूकने से अलीगढ के एक अस्पताल में निधन हो गया। जिससे उनके समर्थक व शुभचितकों में शोक की लेकर दौड़ गई। राजनैतिक क्षेत्र के अपना पैर जमा चुके हाथरस के सासंद राजवीर सिंह दिलेर की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हे आनन–फानन में उपचार के लिये अलीगढ के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचें जहां डाक्टरों ने सांसद राजवीर सिंह दिलेर को मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि उनकी इस बार पार्टी ने टिकट काट दी थी,उनकी जगह अनूप प्रधान को हाथरस लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया है। हाल ही में सासंद राजव. सिंह दिलेर अलीगढ आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा में उपस्थित रहे और उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात भी की थी। अचानक सासंद राजवीर सिंह दिलेर निधन की खबर सुनते ही उनके लोकसभा क्षेत्र से लेकर ग्रह जनपद में भारी शोक की लहर दौड़ गई और उनके परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। समर्थकों एंव मिलने वाले लोगों का उनके आवास में जमावड़ा लगना शुरू हो गया है।

## हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश महोदय परिवार न्यायालय हाथरस।

**प्रकीर्ण संख्या/वाद संख्या 364 सन् 2022 ई०**

**रेनू बनाम् मनोज**

नाम मनोज कुमार शर्मा पुत्र नरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी हाल पानी घाट दुर्गापुरम थाना वृन्दावन जिला मथुरा।

उक्त प्रार्थीया रेनू ने आपके विरुद्ध वाक्य 125 सी० आर०पी० सी० का किया है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03/07/2024 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने अधिक्ता द्वारा जिसे सम्यक रुप से अनुदेस दिया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने में असमर्थ रहेंगे तो उक्त आवेदन का श्रवण और उसका निस्तारण एक पक्षीय रुप से किया जायेगा।

यदि आज दिनांक 12–4–24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**

## दो बाइकों की भीषण भिडंत में घायल हुये युवक ने अलीगढ़ मैडीकल मे तोड़ा दम, परिजनों में मचा कोहराम

(भव्य प्रभात)
हाथरस। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गाव सलेमपुर के निकट मंगलवार की शाम दो बाइकों की हुयी भीषण भिडंत में मैडीकल में मौत से संघर्ष कर रहे 22 वर्षीय युवकी की दर्दनाक मौत हो गयी। बताते है कि सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी 22 वर्षीय यदुवीर सिंह पुत्र खचेर सिंह जब मंगलवार कौशाम बाइक पर सवार होकर गांव वापस लौट रहा था तभी एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की भिडंत हो गयी थी। दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। भीषण दुर्घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हुये थे। पुलिस ने तीनों को तत्काल बागला अस्पताल भेज दिया था। गंभीर रूप से घायल यदुवीर सिह को बागला अस्पताल से अलीगढ मैडीकल भेजा गया था लेकिन आज यतुवीर सिंह की उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## पुलिस से तीन दिन से लापता पुत्र का सुराग लगाने का आग्रह

हाथरस। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरा कला से गायब हुये 22 वर्षीय युवक की गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। गांव पुरा कला निवासी दिनेश शर्मा पुत्र गागा प्रसाद शर्मा ने गुमशुदगी के तहत दर्ज करायी रिपोर्टमे कहा कि उनका पुत्र आकाश शर्मा पिछले 3 दिन से लापता है। उसका कही कोई सुराग नही लगा है। सभी जगह उसकी तलाश कर ली गयी है। पीडित पिता ने पुलिस से पुत्र का सुराग लगाने का आग्रह किया है।

# ऋतुराज ने शतक लगाकर रिकॉर्ड्स बनाया

## धोनी को भी पीछे छोड़ा, शिवम दुबे ने भी रचा कीर्तिमान

चेन्नई। ऋतुराज गायकवाड़ ने क्रुणाल की गेंद पर एक रन लेकर 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 50 का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। आईपीएल 2024 के 39वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से हुआ। इस मैच में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल के इस सीजन में अपना पहला शतक जड़ा और उनकी पारी की बदौलत चेन्नई ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 210 रन बना दिए। ऋतुराज ने 108 रन की नाबाद पारी में 60 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के लगाए। उनका अच्छा साथ शिवम दुबे ने दिया जिन्होंने अपनी तेजतर्रार 66 रन की पारी में 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के जड़े। ऋतुराज और दुबे ने चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 104 रन की साझेदारी की। टीम के दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी एक गेंद खेलकर चार रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर को एक–एक विकेट मिला। 28 गेंदों में गायकवाड़ का अर्धशतक गायकवाड़ ने क्रुणाल की गेंद पर एक रन लेकर 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 50 का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था।




यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 50 का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था। ऋतुराज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बतौर ओपनर 2000 रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बने। वहीं, आईपीएल में बतौर ओपनर 2000 रन पूरे करने वाले 21वें खिलाड़ी बने। जडेजा और गायकवाड़ ने संभलकर खेलते हुए टीम के 10 ओवर में दो विकेट पर 85 रन पूरे कर दिए। टीम के 100 रन भी 12वें ओवर में पूरे हुए। इस बीच, जडेजा रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और इसका फायदा उठाते हुए जडेजा लंबे शॉट के प्रयास में मोहसिन की गेंद पर विकेटकीपर राहुल को कैच दे बैठे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 52 रन की साझेदारी निभाई। 15 ओवर तक चेन्नई ने तीन विकेट खोकर 135 रन बनाए थे। आईपीएल में च्ैज्ञ के लिए बतौर ओपनर सर्वाधिक 50 का स्कोर खिलाड़ी स्कोर ऋतुराज गायकवाड़ 17 फाफ डु प्लेसिस 16 माइकल हसी 13 डेवोन कॉनवे 9 शेन वॉटसन 9 मुरली विजय 9 56 गेंदों में ऋतुराज ने पूरे किए 100 रन ऋतुराज ने 18वें ओवर में यश की गेंद पर चौके के साथ 56 गेंदों में शतक जड़ा। उन्होंने इस ओवर में एक छक्का, दो चौके लगाए।

## ईरानी फुटबॉलर ने महिला फैन को लगाया गले, क्लब ने निलंबित कर लगाकर दिया जुर्माना

ईरान के इंटरनेशनल गोलकीपर होसैन होसैनी को ईरान प्रो लीग मैच के बाद अरक स्टेडियम में एक महिला फैन को गले लगाना भारी पड़ गया। जिसके बाद फुटबॉल क्लब ने निलंबित कर जुर्माना ठोका है। वह फैन, जिसने हिजाब पहन रखा था, होसैन होसैनी तक पहुंचने में कामयाब रही और खिलाड़ी ने उसे गले लगा लिया। अब इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दैनिक खबर वरजेशी की रिपोर्ट के अनुसार होसैनी जीनके पास ईरान के लिए 11 कैप हैं, उनको मैच सुरक्षा अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया और 4.400 यूरो का जुर्माना लगाया गया।

## लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घरेलू मैदान पर होगा ISL फाइनल

मुंबई । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने मंगलवार को कहा कि चार मई को होने वाला 2023–24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और आईएसएल 2023–24 सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा एफसी के बीच मैच के साथ होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी की टीम गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच का पहला चरण खेलेगी।

## मनिका को पछाड़कर भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। इस साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूर्नामेंट में क्रमशरू जनवरी और मार्च में खिताब जीते। वह गोवा में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचीं। श्रीजा ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अनुभवी अचंता शरत कमल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता था। यशस्विनी घोरपड़े और अर्चना कामत क्रमशरू 99वें और 100वें स्थान पर बरकरार हैं। शरत रैंकिंग में 37वें स्थान के साथ शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान और मानव ठाकर ने क्रमशरू 60वें और 61वें स्थान पर एक दूसरे की जगह ली है। कुछ महीने पहले शीर्ष रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई नवीनतम सूची में और नीचे 64वें स्थान पर खिसक गए हैं। भारत पहले ही पेरिस ओलंपिक की टीम स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई तक उस समय की विश्व रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में दो एकल खिलाड़ियों की प्रविष्टियों पर फैसला करेगा।

## सरकारी बैंकों के पास कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार नहीं : अदालत

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। अदालत के फैसले के बाद ऐसे बैंकों द्वारा चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद्द हो जाएंगे। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा।




अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के श्वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

## करोड़ों भारतीयों की आस रहे सचिन के ये रिकॉर्ड अब तक हैं सलामत, आज मना रहे 51वां जन्मदिन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम श्सचिन... सचिनश्... के शोर से गूंज उठता है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन आज अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभमकामनाएं दे रहे हैं। सचिन भले ही अब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेलते हैं, लेकिन उनके ऐसे कई रिकॉर्ड हैं जो अब तक कोई नहीं तोड़ सका है। आइए जानते हैं सचिन के वो रिकॉर्ड जो अब तक सलामत हैं। शतकों का शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सचिन ने अपने करियर में सभी प्रारूप मिलाकर कुल 100 शतक जड़े हैं। वह दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने शतकों का शतक लगाया है। उनसे पीछे भारत के विराट कोहली हैं जो अब तक 80 शतक लगा चुके हैं, लेकिन सचिन और कोहली के बीच फासला 20 शतकों का है। तीसरे नंबर पर सचिन के जमाने में ही खेलने वाले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं जिन्होंने 71 शतक लगाए हैं। टेस्ट में बनाए हैं सर्वाधिक रन भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेलने वाले सचिन ने खेल के इस लंबे प्रारूप में 15921 रन बनाए हैं जो एक रिकॉर्ड है।



# मैंने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता

# परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा इन दिनों फिल्म श्अमर सिंह चमकीलाश् की वजह से सुर्खियों में हैं। 12 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म में उन्होंने अमरजोत कौर का रोल प्ले किया है। फिल्म में परिणीति की परफॉर्मेंस की तारीफ हो रही है। परिणीति को लंबे समय बाद किसी फिल्म के लिए सराहना मिली है जिस पर उन्होंने एक इंटरव्यू में बात की है।

मैं पार्टियों में नहीं जाती जहां रोल ऑफर होते हैं

बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में परिणीति ने अपने करियर में मिले कम मौकों और गलत फैसलों की वजह से सही रोल न मिलने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, श्मैं बॉलीवुड की पार्टीज, डिनर और लंच पर नहीं जाती जहां पर फिल्मों में काम मिलने की संभावना बनती है या रोल डिस्कस किए जाते हैं। मैं चाहती हूं कि डायरेक्टर और प्रोड्यूसर्स मुझे काम देने के लिए कॉल करें क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले फिल्म श्इश्कजादेश के लिए नेशनल अवॉर्ड जीता था। मैं अब भी वैसी ही एक्ट्रेस हूं।श्

बॉलीवुड में सिर्फ टैलेंट काम मिलने का पैमाना नहीं

परिणीति ने इंटरव्यू में बॉलीवुड में कैंपबाजी पर भी बात की। उन्होंने कहा, श्बॉलीवुड में काम मिलने का पैमाना केवल एक्टिंग या टैलेंट ही नहीं है। आपको किसी कैंप का होना चाहिए। मैं सही समय पर सही जगह नहीं थी। मुझे पैपराजी रोज क्लिक नहीं करते हैं। मेरा पीआर बहुत खराब है।

परिणीति ने आगे कहा कि कई टैलेंटेड आर्टिस्ट्स उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते जहां उन्हें होना चाहिए क्योंकि वो सोशली उतने एक्टिव नहीं होते और न ही किसी गेट टुगेदर और ग्लैमरस इवेंट में नजर आते हैं।

परिणीति बोलीं, श्मैं ऐसे एक्टर्स की आवाज बनना चाहती हूं जो किसी कैंप का हिस्सा नहीं हैं। उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबी सिस्टम को खत्म करेंगे क्योंकि मैं भी बराबरी से मौके और काम चाहती हूं। मैंने कुछ गलत फिल्में चुनीं लेकिन मैं अब भी वही एक्ट्रेस हूं जो दस साल पहले थी। मुझे अब सही प्लेटफॉर्म की तलाश है।श्

परिणीति ने 2011 में किया था डेब्यू

परिणीति ने साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म श्लेडीज वर्सेस रिक्की बहलश् से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह लीड रोल में थे। फिल्म हिट रही जिसके बाद परिणीति को बतौर लीड 2012 की फिल्म श्इश्कजादेश में काम मिला। इस फिल्म के लिए परिणीति ने

**बॉलीवुड में कैंपबाजी पर बोलीं परिणीति चोपड़ा, कहा–मैं पार्टियों में नहीं जाती जहां रोल डिस्कस होते हैं, यहां काम मिलने का पैमाना सिर्फ टैलेंट नहीं**

स्पेशल मेंशन का नेशनल अवॉर्ड जीता। तब से लेकर अब तक परिणीति कुल 17 फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

परिणीति चोपड़ा, जो वर्तमान में इम्तियाज अली की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आ रही हैं, फिल्म उद्योग में लॉबिंग के अक्सर चर्चा में रहने वाले विषय और अभिनेत्री के करियर पर इसके प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने उस सामाजिक गतिशीलता के बारे में बात की जो कास्टिंग निर्णयों को प्रभावित करती है और कैसे बॉलीवुड में प्रतिभा और प्रदर्शन से परे भूमिकाएं सुरक्षित करना मुश्किल हो जाता है।

मेरा पीआर गेम बेकार है– परिणीति चोपड़ा

अपने विचार व्यक्त करते हुए, परिणीति ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, ष्बॉलीवुड में काम पाना केवल योग्यता या अभिनय पर निर्भर नहीं करता हैय भूमिका पाने के लिए आपको गुटों और शिविरों में रहना पड़ता है। मैं सही समय पर सही जगह पर मौजूद नहीं हूं। मैं मैं हर दिन थपथपाया नहीं जा रहा हूं।ष् उन्होंने जनसंपर्क क्षेत्र में अपनी कथित कमियों पर भी चर्चा की और टिप्पणी की, ष्मेरा पीआर गेम बेकार है।ष्

मैंने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता– परिणीति चोपड़ा

फिल्मों में अपनी पसंद और अपनी आकांक्षाओं पर विचार करते हुए, परिणीति ने उन अभिनेताओं के लिए आवाज बनने की अपनी इच्छा व्यक्त की, जिनकी प्रभावशाली हलकों तक पहुंच नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा , ष्मैं चाहती हूं कि निर्देशक और निर्माता मुझे मेरे काम के लिए बुलाएं क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने को तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले इश्कजादे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था । मैं अब भी वही अभिनेत्री हूं।ष्

परिणीति चोपड़ा, दिलजीत दोसांझ, कार्तिक आर्यन अमर सिंह चमकीला प्रीमियर में शामिल हुए

परिणीति ने लॉबिंग की संस्कृति से दूर जाने की उम्मीद जताई। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ष्मुझे उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबिंग की इस प्रणाली को तोड़ देंगे क्योंकि मैं समान अवसर और काम चाहती हूं। हो सकता है कि मैंने गलत फिल्में की हों, लेकिन मैं वही एक्ट्रेस हूं जिसने 10 साल पहले शुरुआत की थी और सही मंच की तलाश में हूं।ष्

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित, अमर सिंह चमकीला पंजाब के मूल रॉकस्टार की अनकही सच्ची कहानी प्रस्तुत करता है, जो गरीबी की छाया से उभरा और 80 के दशक में अपने संगीत की ताकत के कारण लोकप्रियता की ऊंचाइयों तक पहुंच गया, जिससे कई लोग नाराज हो गए। रास्ता, जिसके कारण 27 साल की छोटी उम्र में उनकी हत्या कर दी गई। दिलजीत दोसांझ ने अपने युग के सबसे ज्यादा बिकने वाले कलाकार चमकीला का किरदार निभाया है। परिणीति ने अमर सिंह चमकीला की पत्नी अमरजोत कौर की भूमिका निभाई है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है।



## पहली फिल्म की शूटिंग के दौरान हो गया था हादसा...

काजोल की बहन एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी ने साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'श्शश' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस के साथ एक डरावना हादसा हो गया था।

शूटिंग के दौरान तनीषा एक पहाड़ से गिर गई थीं और उनको ब्रेन इंजरी हो गई थी। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि शूटिंग के दौरान पहाड़ से गिरने के चलते उनके दिमाग में सूजन आ गई थी। उन्हें वापस नॉर्मल होने में पूरे एक साल का वक्त लगा था।

हालांकि, एक्ट्रेस ने इस हादसे के बावजूद शूटिंग करना जारी रखा ताकि मेकर्स को फाइनेंशियल इश्यू ना हो। 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'श्शश' 7 इर्द–गिर्द बुनी हॉरर कहानी पर बेस्ड थी। 2 घंटे शूट करके 3 घंटे सोती थी– तनीषा एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने किसी को नहीं बताया पर यह बहुत मुश्किल था। मैं 2 घंटे शूट करती और 3 घंटे सोती थी। मैं दर्द और तकलीफ के चलते 2 ही घंटे शूट कर पाती थी। मेरा दिमाग थका हुआ रहता था ऐसे में मेरे लिए नॉर्मल रह पाना बहुत मुश्किल होता था।' तनीषस बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल की बहन हैं। 'हादसे के बाद अपना 100ः नहीं दे पाई' तनीषा ने आगे कहा, 'मैंने काफी तकलीफें झेलीं पर मैं प्रोड्यूसर्स के सपोर्ट के लिए शुक्रगुजार हूं। प्रोड्यूसर्स को नुकसान ना हो इसलिए मैंने भी दर्द सहते हुए इस फिल्म की शूटिंग पूरी की। हालांकि, इस हादसे के बाद मैं अपने किरदार को 100ः नहीं दे पाई।' 2003 में रिलीज हुई इस फिल्म में तनीषा के अपोजिट डिनो मोरिया और करण नाथ नजर आए थे। यह 1996 में रिलीज हुई हॉलीवुड थ्रिलर 'स्क्रीम' से इंस्पायर्ड थी।

# 25 और 26 को डीएससी रोड पर रहेगा डायर्वजन,माल वाहक वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

नोएडा,(यूएनएस)। गौतमबुद्धनगर जिले की लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में पोलिंग पार्टियों के रवाना और वापसी के दौरान सेक्टर–88 फूल मंडी के आसपास की सड़कों पर गुरुवार और शुक्रवार को वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। यातायात से संबंधित दिक्कत होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि फूल मंडी के आसपास आंतरिक सड़कों पर निर्वाचन से संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी तरह के वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। फूल मंडी तिराहे से गेट नंबर–3, 4, और 2 के सामने से लेकर सेक्टर–88 कैंट आरओ चौक तक रास्ता पूरी तरह बंद रहेगा। इस रास्ते पर केवल अधिकारियों के वाहन चल सकेंगे। डीसीपी यातायात ने बताया कि फूल मंडी के सामने दादरी–छलेरा–सूरजपुर (डीएससी) रोड पर दोनों तरफ 25 अप्रैल को सुबह सात से रात 10 बजे तक और 26 अप्रैल को सुबह सात से रात 12 बजे तक सभी तरह के माल वाहक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सूरज पुर से फेज टू की तरफ आने



वाले माल वाहक वाहन कच्ची सड़क तिराहे से दाहिने टर्न कर औद्योगिक एरिया रास्ते से होकर गंतव्य को जा सकेंगे। भंगेल से सूरज पुर की तरफ जाने वाले वाहन गेझा तिराहे से दाहिने टर्न कर नोएडा–ग्रेनो एक्सप्रेस वे, परी चौक होकर गंतव्य को जा सकेंगे। फूल मंडी से सेक्टर–88 चौक तक जाने वाले लोग फेज टू तिराहे से लावा कंपनी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे।सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के वाहन फूल मंडी गेट नंबर–1 से प्रवेश कर परिसर के अंदर गेट नंबर–2 के पास खाली जगह पर वाहन खड़े कर सकेंगे ईवीएम वितरण और जमा करने वाले कर्मचारियों के वाहन फूल मंडी के गेट नंबर–1 से प्रवेश कर परिसर के अंदर दुकान संख्या–सी–26 और बी–23 के सामने बने पक्के चबूतरे के बीच बनी पार्क में वाहन खड़े कर सकेंगे। भंगेल की तरफ से आने वाले सीपीएमएफ और पुलिस के वाहन डीएससी रास्ते पर फेज टू तिराहे से कैंट आरओ सेक्टर–88 चौक से दाहिने टर्न कर पुश्ता की ओर डिवाइडर युक्त मार्ग पर बनी पार्किंग में वाहन खड़े हो सकेंगे। सूरजपुर की तरफ से आने वाले पुलिसकर्मियों के वाहन सेक्टर–88 चौक तक डिवाइडर युक्त रास्ते पर बनी पार्किंग में वाहन एक लेन में खड़े हो सकेंगे।

## प्रिंटिंग कंपनी में लगी आग,8 दमकल की गाड़ियों ने डेढ़ घंटे बाद पाया काबू

नोएडा,(यूएनएस)। नोएडा में गर्मी के साथ आग की घटना बढ़ रही है। मंगलवार रात करीब 1 बजे सेक्टर–63 की एक कंपनी में आग लग गई। कंपनी में प्रिंटिंग का काम होता है। आग कंपनी के बेसमैंट में लगी। मौके पर पहुंची आठ दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। बेसमैंट, पहले और दूसरे तल पर भारी नुकसान हुआ है। यहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर–63 में देवेंद्र एंड संस नाम की एक फैक्ट्री है। इसमें प्रिंटिंग का काम किया जाता है। देर रात करीब एक बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि फैक्ट्री के बेसमैंट में आग लग गई है। गार्ड ने ही इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। केमिकल और प्रिंटिंग का सामना होने की वजह से आग तेजी से फैली उसने प्रथम और दूसरे तल को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद फैक्ट्री के शीशे तोड़े गए। मौके पर एक–एक करके 8 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि रात होने की वजह से सिर्फ गार्ड ही यहां था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने के दौरान अलग–बगल वाली कंपनियों पर पानी का छिड़काव किया गया। इस दौरान बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी। अब बिजली के तारों को रिपेअर कर दोबारा सप्लाई दी जा रही है। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया।

## मेरे पिता ने तीन शादियां की हैं, मैं भी तीन करूंगा ये बोलकर पत्नी को पीटा,दिया तीन तलाक

बांदा,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के बांदा से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां शख्स ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया, वो भी ये कहकर कि उसे भी उसके अब्बू की तरह तीन निकाह करने हैं। जैसे ही महिला ने पति के मुंह से यह सुना वो दंग रह गई। अब पीड़िता ने शौहर समेत ससुराल पक्ष के छह सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पति और ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करते हैं।बांदा के नरैनी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला रोते–बिलखते थाने पहुंची। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह तीन साल पहले हुआ था। पहले तो सब कुछ ठीक था, लेकिन पति और ससुराल वालों का असली चेहरा उसे धीरे–धीरे दिखने लगा। ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इसी बीच पति ने उसे 3 तलाक दे दिया और कहने लगा कि उसे भी 3 शादियां करनी हैं। पीड़िता ने बताया कि अचानक ही दहेज को लेकर मांग की जाने लगी। जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक उसे ससुराल में मानसिक और शारीरिक तौर से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वालों ने पति को भड़काया और उसके हाथों उसे खूब पिटवाया। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसका पति उसके साथ खूब मारपीट करने लगा। ससुराल में ये सब होता देख, उसने रिश्ता बचाने के लिए अपने पति के साथ मुंबई जाने का फैसला लिया, क्योंकि उसका पति मुंबई में ही रहता था। मगर वहां भी पति उसके साथ मारपीट करने लगा। वह जरा–जरा सी बात पर पिटाई करता। ऐसे में पीड़िता ने अपने भाइयों को फोन कर दिया और वह अपने 2 साल के बच्चे को साथ लेकर अपने मायके वापस आ गई। महिला ने बताया कि बीते 15 अप्रैल के दिन उसके पति ने उसे 3 तलाक दे दिया। इस दौरान पति ने कहा, 'मेरे अब्बू ने भी 3 शादियां की थीं। ऐसे में मुझे भी 3 शादियां ही करनी हैं।' पीड़िता के मुताबिक, पति ने उससे कहा कि वह जो कर सकती है, कर ले, लेकिन वह 3 शादियां करेगा।

## कलक्ट्रेट में आज सुबह 11 से तीन बजे तक होंगे नामांकन

बांदा,(यूएनएस)। बांदा–चित्रकूट लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से चौथे चरण के मतदान के लिए नामांकन (शुक्रवार) शुरू हो जाएंगे। कलक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। बैरिकेडिंग सहित तिरंगे की पट्टियों व रेडीमेड फूलों से पूरे मार्ग को सजाया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि नामांकन जिला मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दाखिल होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी नामांकन स्थल पर मौजूद रहेंगे।

# आखिर सलोन पुलिस द्वारा पकड़े गए गैंगस्टर के पास कहां से आए कारतूस और तमंचा

रायबरेली। जिले की पुलिस या तो अपराधियों को जेल में भेजना चाहती है या फिर अपराधियों को खुलेआम घूमने की छूट दे रखी है। क्योंकि जिस तरह पुलिस खुलासे कर रही है उसमें तो यही लगता है कि पुलिस कुछ लोगों को ही जेल भेज कर अपना मैन्युअल पूरा करना चाहती है । नहीं तो क्या कारण हैं गैंगस्टर के अपराध ी के पास से पुलिस कारतूस, तमंचा बरामद करती है तो यह भी नहीं जानने की कोशिश नही करती कि आखिरकार गैंगस्टर के पास कौन सा वह व्यक्ति है जो लगातार अवैध असलहो की सप्लाई दे रहा है और जिससे किस तरह यह गैंगस्टर अपराधी के साथ जुड़े हुए हैं । पुलिस अपराधियों के पास से बरामद तमंचे और कारतूस के मामले में खाना पूर्ति कर रही है नहीं तो इन अपराधियों के पास तमंचे कहां से आ रहे हैं ? इसका कोई भी जवाब अभी तक पुलिस ने नहीं दिया है उल्टा पुलिस में आरोपी को जेल भी भेज दिया । बताते चले की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत रायबरेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता मिली है । सलोन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार वांछित अभियुक्त जयशंकर पुत्र धनीराम निवासी कुम्हारन का पुरवा थाना सलोन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा हुआ कारतूस भी बरामद किया। यही नही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिक्षा में जेल भी भेज दिया।



# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस लोकतन्त्र के उत्सव के रूप में मनाया गया। विद्यालय की छात्रा अनन्या और अनुष्का ने उपस्थित विद्यार्थियों को पंचायती राज व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि गाँव हमारे देश की धरोहर हैं और यहां की सुचारु रूप से देखभाल करने के लिए ही पंचायती राज व्यवस्था का गठन किया गया। यह व्यवस्था यूं तो प्राचीन काल से ही अस्तित्व में है लेकिन आधुनिक भारत में पहली बार आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले के बगधरी गाँव में 2 अक्टूबर 1959 पंचायती राज व्यवस्था लागू की। पंचायती राज दिवस को एक दिन मान लेना अनुचित है क्यों कि यह वह दिन है जब गाँवों में बहुमुखी विकास सभा गठन किया गया जिससे गाँवों का विकास हो पाया और यहां जो भी समस्याएं थी वह खुलकर सामने आ पाई। जैसे पानी की समस्या,किसानों को खेतों में हो रही परेशानियां,स्वास्थ ,शिक्षा और मूल भूत अवस्यक्ताओं आदि का समाधान मिलकर लिकलने लगा तो यह सभी परेशानियां छोटी प्रतीत हुई और मुखिया की भूमिका अहम् साबित हुई। छात्राओं ने पंचायती राज व्यवस्था के बारे में कही "पंचायती राज जनता की सशक्त आवाज ,लोगों का अपना राज। न कोइ राजा न किसी का ताज,सही अर्थों में लोकराज।। " इन चंद लाइनों के साथ अपनी बात समाप्त की। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायती राज दिवस उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाता है जब संविधान का 73 वां संसोधन अधिनियम 1992 लागू हुआ। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया। उन्होंने बताया कि भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। भारतवर्ष के सामाजिक,राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा में डिजिटल माध्यम के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के उप–प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेन्द्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवंगिरिश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक / शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भव्य प्रभात

## सेहत सुरक्षा-कवच

भारत जैसे देश में जहां सेवानिवृत्त लोगों व बुजुर्गों के लिये पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु–परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अकसर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों के गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं। निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफ बढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में बेहतर जीवन प्रत्याशा हेतु और महिलाओं की सेहत हेतु स्वास्थ्य बीमा का खासा प्रभाव हो सकता है। लेकिन इस बात में दो राय नहीं कि बीमा उत्पादों को उपभोक्ता–अनुकूल बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, आम उपभोक्ता शब्दजाल और बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं के कारण बीमा उत्पादों को खरीदने से संकोच करते हैं। कई अस्पष्टताएं व किंतु–परंतु पॉलिसीधारक के मन में संदेह और अनिश्चितता उत्पन्न करते हैं। वहीं दूसरी तरफ लाभों व जोखिमों के बारे में गलत सूचना या अपर्याप्त जानकारी उपभोक्ताओं के शोषण व परेशानी का सबब बनती है। इसलिए जरूरी है कि ग्राहकों का विश्वास हासिल करने के लिये पारदर्शी व परेशानी मुक्त दावा निपटान की व्यवस्था हो। इसके साथ ही बीमा भुगतान से जुड़ी धांधलियों पर अंकुश लगाने के लिए मजबूत तंत्र बनाया जाए। वर्ष 2023 में किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ फीसदी भारतीय बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। खासकर जीवन और स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में। जिसके नियमन के लिये– झूठे दावे करने, प्रदान की गई सेवाओं के लिये शुल्क बढ़ाने और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिये बिलिंग करना जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की जरूरत है। जिसके लिये एक कुशल निगरानी तंत्र बनाना भी आवश्यक है। वहीं झूठे दावे करना, प्रदान की गई सेवाओं के लिए शुल्क बढ़ाना और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिए बिलिंग करना जैसी गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

# राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द घूमता चुनाव प्रचार

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान हो चुका है। चुनावी मंचों से मुद्दे गायब हैं। असल में इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने कोई मुद्दा तय ही नहीं किया। अलग–अलग क्षेत्रों में राज्यों के साथ ही लोकसभा चुनाव तक में अलग–अलग मुद्दे दिख रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुद्दों का यह बिखराव क्या असर डालेगा। अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग मुद्दे दिखाई दे रहे हैं। असल में इस बार का आम चुनाव वादों और दावों की जगह गारंटी और भरोसे का है। हालांकि पहले चरण का मतदान बेहद सुस्त रहा है। अभी चुनाव के छह चरण बाकी है, इसके बावजूद केंद्रीय मुद्दों और प्रभावी नारों के अभाव में चुनाव प्रचार में उफान नहीं दिख रहा। शांत मतदाता न तो गारंटी की ओर भरोसे से देख रहे हैं और न ही भरोसे पर गारंटी देने का संकेत दे रहे हैं। न तो किसी मुद्दा विशेष पर देश में बहस छिड़ी है और न ही कोई ऐसा नारा है, जो लोगों की जुबान पर चढ़ा हो। 2019 का आम चुनाव इस चुनाव से बिल्कुल अलग था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही सियासी मैदान भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद का रूप ले चुका था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी राफेल सौदे में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर चौकीदार चोर है, के नारे लगवा रहे थे, जबकि भाजपा पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ हुई एयर स्ट्राइक को मोदी है तो मुमकिन है नारा लगा रही थी। राफेल मामले में पीएम पर व्यक्तिगत हमले को भाजपा गरीब पर हमले से जोड़ रही थी। इन दोनों ही मुद्दों पर तब राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो चुकी थी। असल में इस चुनाव में यह नहीं कहा जा सकता है कि हर जगह एक ही मुद्दा चल रहा है। कहीं जाति की बात हो रही है तो कहीं रोजगार की बात हो रही है। सनातन की बात भी कई मतदाता कर रहे हैं। दक्षिण भारत के मुद्दे कुछ अलग हैं और वहां के मुद्दे अलग ढंग से उठाए गए हैं। इसी तरह नॉर्थ ईस्ट के मुद्दे अलग हैं। महिलाओं की जहां तक बात है तो उन्हें यह चाहिए कि उनके लिए क्या–क्या किया गया यह भी मुद्दा है। मुद्दे बनाना विपक्ष का काम होता है। सरकार ये कहती है कि हमने बहुत अच्छा काम किया, हमने यह बना दिया इतनी सड़कें बना दीं, इतना रोजगार दे दिया हमें वोट दीजिए। अगर विपक्ष की बात करेंगे तो पिछले एक साल में मुद्दा बनाने की जगह विपक्ष गठबंधन बना रहा है नहीं बना रहा इसी पर उलझा रहा। सरकार की बात करेंगे तो वह कह रही है कि हमने राम मंदिर बनाने की बात कही थी हमने बना दिया। विपक्ष ने जितने मुद्दे उठाए वो सभी चूचू का मुरब्बा निकले। हर चुनाव में विपक्ष ईवीएम का मुद्दा उठाता है। अगर यह इतना बड़ा मुद्दा होता तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर देता। देश के राजनीतिक दल विजन से ज्यादा टेलीविजन पर निर्भर है। टेलीविजन प्रभावित जो राजनीति हो गई है उसकी वजह से विजन कहीं मिसिंग है। जहां तक घोषणा पत्र की बात है तो भाजपा का घोषणा पत्र अच्छा है और कांग्रेस का भी घोषणा पत्र अच्छा है, लेकिन देश में घोषणा पत्र पर कभी चुनाव नहीं हुए। यह बस औपचारिकता भर रह गया है। घर घर गारंटी अभियान की शुरुआत कर चुकी कांग्रेस पहली नौकरी पक्की, भर्ती भरोसा, पेपर लीक मुक्ति, वर्कर सुरक्षा और युवा रोशनी गारंटी के रूप में अलग–अलग वर्गों को साधने की कोशिश की है। इसके अलावा पार्टी ने महिला, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय के तहत अलग–अलग वर्गों के लिए कई वादे किए हैं। हालांकि पार्टी का घोषणापत्र अब तक जारी नहीं हुआ है। एनडीए के लिए अबकी बार चार सौ पार, तो अपने लिए 370 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने मतदाताओं को साधने के लिए ब्रांड मोदी को हथियार बनाया है। पार्टी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और हाशिये पर पड़े कमजोर लोगों के सशक्तीकरण के लिए मोदी गारंटी दे रही है। जबकि विकसित भारत के निर्माण और देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी दे रही है। किसी एक मुद्दे को केंद्र में लाने की सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन की तमाम कोशिशें सिरे नहीं चढ़ी हैं। विपक्षी गठबंधन के नेता लालू प्रसाद की पीएम मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी के खिलाफ भाजपा ने मोदी का परिवार अभियान चलाया। भाजपा इंदिरा सरकार के समय तमिलनाडु से सटे कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दिए जाने के मुद्दे पर आक्रामक है। वहीं, विपक्षी गठबंधन कभी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, कभी चुनावी बॉन्ड में भ्रष्टाचार, तो कभी केंद्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। चुनाव प्रचार के उफान पर न आने का सबसे बड़ा कारण मुद्दों को लेकर विपक्ष में निरंतरता प्रदर्शित करने का अभाव है। खासतौर से विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी विपक्ष मैदान में खुलकर उतरने के बदले सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने में ही उलझा है। भले ही यह गठबंधन दो बार एक मंच पर आने में सफल रहा है, मगर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मोदी, शाह, नड्डा की तुलना में बहुत कम जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि चुनाव में आम जनता से संबंधित मुद्दों का सर्वाधिक महत्व होना चाहिए। हालांकि राजनीतिक नूरा–कुश्ती में ऐसा हो नहीं पाता है। लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप के इर्द–गिर्द सिमटकर रह जाता है। इस बार भी कमोबेश वैसी ही तस्वीर दिख रही है। पूरे देश के नागरिकों के लिए पांच साल में एक बार यह मौका आता है। इस मौके पर वे अपनी बात और अपने मुद्दे पुरजोर तरीके से अपने होने वाले जनप्रतिनिधियों के सामने रख सकते हैं। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अतीत में किए गए वादों पर सवाल पूछ सकते हैं। रोजमर्रा की समस्याओं को उठा सकते हैं। देश के आम लोग राजनीतिक जिम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर अपने नेताओं को कटघरे में खड़े कर सकते हैं। बेरोजगारी और महंगाई जनता के सामने सबसे बड़ी समस्या है जिसका निदान होना चाहिए। साथ ही पर्यावरण भी चुनावी मुद्दा बनना चाहिए क्योंकि इसके बगैर हमारा जीवन मुश्किल हो सकता है। आज चुनाव आकर्षक वादों और आधारहीन दावों के बल पर लड़ा–लड़ाया जा रहा है। जनता से जुड़े मुद्दों को नजरंदाज कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। मतदाता को राजनीतिक दलों से उनके दावों और वादों के आधार के बारे में पूछना चाहिए। एक तरफ तो पांचवें पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंचने के दावे और वादे किए जा रहे हैं और दूसरी ओर देश की अस्सी करोड़ जनता को मुफ्त अनाज देने की आवश्यकता पड़ रही है, यह कैसा विकास है? वास्तविकता तो यह है कि चुनावी मुद्दों के नाम पर अनावश्यक मुद्दे उछाल कर जनता का ध्यान विकेंद्रित किया जा रहा है। जहां तक मुद्दे की बात है तो यह पूरा चुनाव विकेंद्रित हो गया है। जैसे जम्मू–कश्मीर के मुद्दे जो है वो वहां के लोगों के मुद्दे हैं। यहां तक कि चुनाव क्षेत्र तक के हिसाब से मुद्दे विकेंद्रित हो गए हैं। 2014 और 2019 के चुनाव हमने राष्ट्रीय मुद्दे पर देखे। इस बार का चुनाव स्थानीय मुद्दे पर हो रहा है। विपक्ष अगर कमियां गिनाएगा तो वह किसे इसके लिए जिम्मेदार बताएगा। राजनीतिक दलों को देश के सामने आने वाले समय का रोडमैप रखना चाहिए, और व्यक्तिगत हमलों और देश को बांटने वाले मुद्दों से परहेज करना चाहिए। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

## निर्वाचन आयोग का निराशाजनक रवैया

2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभायेंगी अहम भूमिकालोकसभा चुनाव में धन और बाहुबल पर अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण भारतीय राजनीति का यह सर्वाधिक दुखद पहलू है कि जिस व्यक्ति पर सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, नैतिकता एवं मूल्यों के संरक्षण की प्रमुख जिम्मेदारी है, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। भविष्य में जब भी इस कालखंड का उल्लेख होगा तब एक ऐसे निर्वाचन आयोग की भी बात होगी जिसमें कहा जायेगा कि देश की जनता ने अब तक इससे अधिक कमजोर व लाचार निर्वाचन आयोग नहीं देखा था। राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्यरत केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने जो पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है, उसने राष्ट्र निर्माताओं के उन सपनों को बिखेर दिया है जिन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं बनाई थीं ताकि सरकारों की मनमानी न चले और लोगों के अधिकारों की रक्षा हो। मौजूदा निर्वाचन आयोग को देखते हुए कोई इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकता कि ऐसा भी समय देश ने देखा है कि (कुछ अपवादों को छोड़कर) कई मजबूत प्रधानमंत्रियों एवं उनकी सरकारों को निर्वाचन आयोग सिर नहीं उठाने देते थे। सारी शासकीय मशीनरी को अपने अधीन रखते थे और मातहतों को निष्पक्षता, स्वतंत्रता तथा दबंगई के साथ काम करने की प्रेरणा देते थे। इस मामले में वह किस्सा जरूर सामने रखा जाना चाहिये जब मुम्बई के विले पार्ले विधानसभा के उपचुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार डॉ. रमेश प्रभू ने कांग्रेस के प्रभाकर कुंटे को हरा दिया था। बात 1987 की है। चुनाव हारने पर कुंटे ने बाम्बे हाईकोर्ट में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत याचिका लगाई कि डॉ. प्रभू की सभाओं में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने धर्म के नाम पर वोट मांगा था। यह सच भी था। ठाकरे अपनी सभाओं में कहते थे कि शशिवसेना हिन्दुओं की रक्षा के लिये चुनावी मैदान में है।

## शादी के 12 साल तक नहीं हुआ बच्चाः बांझ सुन-सुन कर थी परेशान, फंदे से लटककर दी महिला ने जान

हाथरस। शादी के 12 साल बाद भी महिला के कोई बच्चा नहीं हुआ था। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे बांझ बोलकर उसका उत्पीड़न करते थे। महिला ने घर में ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही परिजनों के होश उड़ गए। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरी में एक विवाहिता ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। शादी के 12 साल बाद भी महिला को कोई बच्चा नहीं था। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर महिला को बांझ बोलकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। कल्पना (35) निवासी सीधामई थाना हसायन की शादी करीब 12 साल पहले पवन निवासी विष्णुपरी से हुई थी। शादी के 12 साल बाद भी उसे कोई बच्चा नहीं हुआ था। कल्पना के मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे बांझ बोलकर उसका उत्पीड़न करते थे। 22 अप्रैल् की रात कल्पना ने घर में ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही परिजनों के होश उड़ गए। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई है। कोतवाली हाथरस गेट प्रभारी सतेंद्र सिंह राघव का कहना है कि अभी तक मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## मुफ्त पढ़ने वाले बच्चों से स्कूल मांग रहा शुल्क, बीएसए ने विद्यालय को थमाया नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

हाथरस। शिकायतकर्ता का बेटा ज्ञानभारती पब्लिक स्कूल नयागंज में कक्षा दो में आरटीई के तहत पढ़ रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय द्वारा उनसे स्कूल मेंटेनेंस और कंप्यूटर के नाम पर शुल्क की मांग की जा रही है, जबकि आरटीई के तहत पढ़ने वाले विद्यार्थियों से फीस नहीं वसूली जा सकती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों से शुल्क वसूलने के आरोप में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल को नोटिस जारी किया है। बीएसए ने स्कूल संचालक को तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। रामलीला मैदान सादाबादियान गली निवासी पूजा वशिष्ठ एवं सीमा वशिष्ठ ने अप्रैल महीने में बीएसए से शिकायत की थी कि उनका बेटा गोविंद ज्ञानभारती पब्लिक स्कूल नयागंज में कक्षा दो में आरटीई के तहत पढ़ रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय द्वारा उनसे स्कूल मेंटेनेंस और कंप्यूटर के नाम पर शुल्क की मांग की जा रही है।, जबकि आरटीई के तहत पढ़ने वाले विद्यार्थियों से फीस नहीं वसूली जा सकती है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीएसए ने स्कूल संचालक को तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में भी इस विद्यालय के खिलाफ आरटीई के तहत पढ़ने वाले विद्यार्थियों से शुल्क मांगने की शिकायत आ चुकी हैं।

## 26, 30 अप्रैल व 4 मई को देना होगा खर्च का ब्यौरा, कार्मिकों का विधानसभा बार हुआ रेंडमाइजेशन

हाथरस। 26 ,30 अप्रैल व 4 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सभी प्रत्याशी व उनके निर्वाचन एजेंट अपने व्यय रजिस्टर एवं व्यय अभिलेखों के साथ उपस्थिति होंगे। उन्होंने कहा कि दैनिक व्यय लेखों का निरीक्षण नहीं कराया जाता है, तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों के खर्च रजिस्टर के निरीक्षण की तिथियां तय कर दीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने बताया कि 26 ,30 अप्रैल व 4 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सभी प्रत्याशी व उनके निर्वाचन एजेंट अपने व्यय रजिस्टर एवं व्यय अभिलेखों के साथ उपस्थिति होंगे। उन्होंने कहा कि दैनिक व्यय लेखों का निरीक्षण नहीं कराया जाता है, तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्मिकों का विधानसभा बार हुआ रेंडमाइजेशन लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में सामान्य प्रेक्षक पी श्री वेंकटा प्रिया एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के लिए रेंडमाइजेशन की प्रकिया हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस रेंडमाइजेशन में कार्मिकों को मतदान पार्टी वार बनाते हुए विधानसभा क्षेत्र आवंटित किया गया है। मतदान कार्मिक के रूप में निर्गत ड्यूटी आदेश में सभी मतदान कार्मिकों को विशेष कोड भी आवंटित किया गया है। इस मौके पर 1295 बूथों के सापेक्ष दस फीसदी अतिरिक्त कार्मिकों के साथ रेंडमाइजेशन की प्रकिया पूरी की गई। इस मौके पर सहायक कार्मिक अधिकारी राजेश कुरील, डीआईओ एनआईसी आलोक माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## कारों में भी अबैध रूप से इस्तेमाल हो रही है

पीलीभीत। पीलीभीत में स्थित गैस एजेंसियां चाहे वो एचपी हो या इण्डेन हो स्वर्ग सिधार चुके लोगों के गैस कनेक्शन निरस्त करने के बजाए उनको जीवित रख अपने अनैतिक रूप से लाभ कमाने को लेकर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं। इन गैस सिलेंडर एजेंसियों के इस अनैतिक गैस कालाबाजारी के खेल में जिला पूर्ति अधिकारी सहित पूरा कार्यालय गैस के इस अबैध धंधे में लिप्त है। ज्ञात हो कि पीलीभीत बार्ड नंबर पच्चीस मोहल्ला कुमढ़गढ़ निवासी श्रीमति कमलेश कुमारी की मृत्यू दो जनवरी को हो चुकी है जिनका एचपी गैस सिलेंडर कनेक्शन शहर मे स्थित दादू गैस एजेन्सी में था जिसका मृत्यु प्रमाणपत्र भी एजेन्सी को उपलब्ध कराया जा चुका है लेकिन उनका गैस कनेक्शन अब तक निरस्त नही किया गया है एजेन्सी द्वारा अबैध लाभ लेने और गैस सिलेंडर की कालाबाजारी में लिप्त रहने के कारण उनके नाम का गैस कनेक्शन अब तक चलाया जा रहा है यह तो एक वानगी है इन गैस सिलेंडर एजेंसियों पर सैकडो की तादाद में मर चुके लोगों के नाम से गैस कनेक्शन जिंदा रख गैस की कालाबाजारी की जा रही है।

# क्षज्मज्ंिधामिं से मनी हनुमान जयंती



तिलहर। नगर सहित क्षेत्रों में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर भक्तों ने नगर क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाल कर बंशी वाले मंदिर पर पूजा अर्चना कर सवा कुंटल बूदीं के लड्डू से हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया और मंदिर परिसर में भण्डारा किया! मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर क्षेत्र के तमाम भक्तों ने एकत्र होकर सवा कुंतल लड्डू का भोग बंसी वाले के मंदिर हनुमान जी को लगाया।लड्डू को बाकायदा एक शोभायात्रा के रूप में नगर क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों पर भ्रमण कराने के पश्चात बंसी वाले के मंदिर पर ले जाया गया।शोभायात्रा में इस दौरान विभिन्न देव स्वरूप झांकियां भक्तों और नगर वासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा के दौरान शामिल रहे भक्तों ने जमकर इस दौरान जय श्री राम और राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान के जय घोष लगाए। शोभा यात्रा नगर के मुख्य बाजार से शुरू होकर नगर पालिका रोड,पंजाबी कॉलोनी,मौजमपुर,सरकारी रोडवेज,अस्पताल रोड से होकर बंसी वाले के मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में दौरान महिला और पुरुष भक्तगण मौजूद रहे! हनुमान जयंती के अवसर पर बंशी वाले मंदिर के अलावा कछियानी खेड़ा व कपसेडा भी हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना के साथ का वितरण हुआ!

# 3 मंत्रियों के साथ लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने कराया नामांकन, गठबंधन पर भी साधा निशाना

शाहजहांपुर। भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने आज नामांकन कराया है। नामांकन कराने के लिए प्रदेश के तीन कद्दावर मंत्री उनके साथ रहे। नामांकन कराने से पहले एक्सिस बैंक की बिल्डिंग में कार्यकर्ताओं को लोकसभा प्रत्याशी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, पिछले चुनाव में मंत्रियों से लेकर तमाम वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों ने तन मन धन से मेहनत कर 2 लाख 70 हजार वोटों से जीत दिलाई थी। इस बार भी सभी इतनी मेहनत करेंगे कि भाजपा की प्रचंड जीत होगी। साथ ही उन्होंने गठबंधन पर भी निशाना साधा है।मंगलवार को लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने कलेक्ट्रेट स्थित अपना नामांकन कराया है। नामांकन कराने से पहले उन्होंने सेठ इन्कलेव स्थित ऐक्सिस बैंक की बिल्डिंग में कार्यकर्ताओं के साथ एक सम्मेलन किया। जिसमें वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। सम्मेलन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अरुण सागर ने कहा कि, सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। पिछली बार जनता ने 2 लाख 70 हजार वोटों से जीत दिलाई थी। पिछले चुनाव में मंत्रियों से लेकर विधायक, वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों ने तन–मन और धन के साथ मेहनत की थी। इस बार भी पहले की तरह पार्टी का एक एक कार्यकर्ता मेरे साथ है। बूथ अध्यक्ष एक योद्धा के रूप में क्षेत्र की जनता के पास जाकर मेरे हक में वोट देने अपील कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। अरुण सागर ने गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, गठबंधन की हालत पूरे देश और प्रदेश में सभी देख रहे हैं। गठबंधन की कोई निति नही है। उनके पास कोई एजेंडा नही है। किस एजेंडे के तहत वह जनता के पास जा रहे हैं। इसके बारे मे उनको और उनके प्रत्याशियों को खुद नही पता है। सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। सभी ने देखा है कि, बहुत कम ऐसी लोकसभा सीटें हैं। जहां से गठबंधन प्रत्याशी न बदले हों। तीन तीन बार प्रत्याशियों को बदला गया। गठबंधन को जब अपने प्रत्याशियों पर भरोसा नही है तो आम जनता कैसे भरोसा करेंगे। नामांकन कराने के लिए अरुण सागर के साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पहुंचकर सभी हौसला बढ़ाया। वहीं सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि, प्रदेश की 80 की 80 सीटे भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। क्योंकि हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं क्षेत्र में उस तरह से कार्य कर रहे हैं। जैसे सरहद पर सैनिक मुस्तैद रहता है। आठ लोकसभा सीटो पर चुनाव हो चुका है। सभी आठ सीटें भाजपा जीत रही है।

# भाजपा पर किए मायावती ने जमकर वार, बोलीं–नहीं हुआ एक चौथाई भी काम

हाथरस। अलीगढ़ की जनसभा में मायावती ने कहा कि यदि यह चुनाव इस बार पारदर्शी होता है, वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती, इस बार चुनाव पुरानी और नई चल रही नाटकबाजी, जुमलेबाजी सामने नहीं आने वाली है। इन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वायदे किए, हवा–हवाई गारंटी दी है। उनका जमीनी हकीकत में एक चौथाई भी काम नहीं किया है। 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार करने बसपा सुप्रीमो मायावती अलीगढ़ के माहेश्वर इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचीं। मायावती ने जनसभा में बसपा से अलीगढ़ प्रत्याशी हितेंद्र उपाध्याय बंटी, हाथरस प्रत्याशी हेमबाबू धनगर और मथुरा प्रत्याशी सुरेश सिंह के लिए वोट मांगे। जनसभा में मायावती ने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस, बीजेपी, अन्य किसी विरोधी पार्टी और किसी गठबंधन के साथ नहीं ब्लकि अकेले दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटबारे के मामले में हमने सर्वसमाज के लोगों को उचित भागेदारी दी है। अलीगढ़ की जनता यह चाहती है कि ऐसा उम्मीदवार चुनाव जीतकर जाए, जो जनता के बीच में रहे, जनता की सेवा करे, उसके सुख–दुख में शरीक हो। अलीगढ़ से कई बार भाजपा के ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी को जीताते रहे, यहां की जनता उसकी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं थी। बसपा ने ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी खड़ा कर आपको विकल्प दिया है। मायावती सम्मान उन्होंने कहा कि बसपा से प्रत्याशी हितेंद्र को टिकट दिलाने के लिए सर्वसमाज ने सिफारिश की। हाथरस से धनगर समाज से प्रत्याशी उतारा है। मथुरा से जाट समाज से वहां का स्थानीय प्रत्याशी चौधरी सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया। इन्हें कामयाब बनाएं। मौसम खराब होने के कारण देर से जनसभा में पहुंचीं। इसके बाबजूद भी जनता ने भरपूर इंतजार किया। मुझे भरोसा है कि तीनों प्रत्याशियों को जरूर जिताएंगे। बसपा समर्थक मायावती ने कहा कि यदि यह चुनाव इस बार पारदर्शी होता है, वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती, इस बार चुनाव पुरानी और नई चल रही नाटकबाजी, जुमलेबाजी सामने नहीं आने वाली है। इन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वायदे किए, हवा–हवाई गारंटी दी है। उनका जमीनी हकीकत में एक चौथाई भी काम नहीं किया है। इनके सांसद धन्ना सेठों को ही बनाने में लगे रहे। जनसभा ये रहे मौजूद पूर्व सांसद मुनकाद अली, सूरज सिंह, गोरे लाल जाटव, हेमंत प्रताप सिंह, अशोक सिंह एडवोकेट, विजेंद्र सिंह विक्रम, रणवीर सिंह कश्यप, महेश चौधरी, दिनेश बघेल, सुरेश गौतम, गजराज विमल, जिलाध्यक्ष मुकेश चन्द्रा, बनी सिंह जाटव, जिलाध्यक्ष हाथरस, सत्य प्रकाश कर्दम जिलाध्यक्ष मथुरा, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन दीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह, बच्चू सिंह, ओम प्रकाश, अरविंद नारायण साहब सिंह, शेर सिंह बघेल, मोहम्मद फुरकान, सलमान शाहिद, रजिया खान आदि।